यूटीयू: अंतिम चरण की आनलाइन स्पाट काउंसलिंग 24 को

देहरादून (एसएनबी)।उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एडमिशन प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। वहीं विवि का शैक्षिक सत्र तय कार्यक्रम के अनुसार शुरू हो चुका है। वहीं विवि ने छात्र-छात्राओं को एडमिशन के लिए 24 अगस्त को अंतिम मौका देने का निर्णय लिया है। यूटीयू में अब तक पांच चरण की एडमिशन प्रक्रिया पूरी हो चुका है। अब विश्वविद्यालय ने 24 अगस्त को अंतिम चरण की आनलाइन स्पाट काउंसलिंग का निर्णय लिया है जिसमें रिक्त सीटों पर छात्र-छात्राओं को एडमिशन दिया जाएगा। अभी तक छात्रों में कम्प्यूटर साइंस व इससे जुड़े पाठ्यक्रमों के रूझान दिखायी देता है। इंजीनियरिंग की कोर ब्रान्च में भी छात्रों ने पिछले सत्र की तुलना में ज्यादा मांग दिखायी दी है। कुलपति प्रो.ओंकार सिंह के अनुसार विवि में संचालित पाठ्यकमों के प्रति छात्रों के रूझान को देखते हुये जल्द ही नये शैक्षणिक भवन व छात्रावास का निर्णाण परिसर में शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है।